# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह आज उत्तराखंड के हरिद्वार में पतंजलि विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह और सन्यास दीक्षा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी विगत 9 वर्षों से पूरे विश्व में भारत, भारतीयता और भारत के ज्ञान को ब्रांड अम्बेसेडर बनकर सम्मान दिलाने का काम कर रहे हैं

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को स्वीकृति दिलाकर मोदी जी ने महान भारतीय परंपरा को वैश्विक मंच दिलाया है

पूरे विश्व का कल्याण तभी होगा जब भारत की पुरातन वैदिक संस्कृति का पुनरुद्धार होगा

योग, आयुर्वेद और स्वदेशी के तीनों क्षेत्रों में बाबा रामदेव ने विगत 25 सालों में अभूतपूर्व योगदान दिया है, आने वाले समय में पतंजलि परिवार कई क्षेत्रों में देश अंदर पुनर्निर्माण का काम करेगा

पतंजलि परिवार जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में भी अच्छा काम कर रहा है और लगभग 1 लाख किसानों को ऑर्गेनिक खेती के साथ जोड़कर पृथ्वी और पर्यावरण की रक्षा की है

चाहे राम मंदिर हो, काशी विश्वनाथ कॉरीडोर का पुनर्निर्माण हो, केदारनाथ और बद्रीनाथ हों, या फिर गुजरात के सोमनाथ मंदिर को फिर से सोने का बनाना हो, मोदी जी ने भारतीय संस्कृति और आस्था के प्रतीकों को फिर से गौरव दिलाया है

हमारी आज़ादी की लड़ाई एक परिवार के इर्द-गिर्द सिमटकर रह गई थी,

# लेकिन मोदी जी ने दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा के रूप में सरदार पटेल का स्टेच्यू ऑफ यूनिटी बनाकर सरदार पटेल को अमर करने का काम किया

प्रविष्टि तिथि: 30 MAR 2023 8:43PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह आज उत्तराखंड के हरिद्वार में पतंजलि विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह और सन्यास दीक्षा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि वे हर बार यहां से नई ऊर्जा और चेतना लेकर गए हैं। उन्होंने कहा कि पतंजलि परिवार आने वाले दिनों में कई क्षेत्रों में देश के पुनर्रूद्धार और पुनर्निर्माण का काम करेगा। उन्होंने कहा कि योग, आयुर्वेद और स्वदेशी के तीनों क्षेत्रों में बाबा रामदेव ने विगत 25 सालों में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि योग, आयुर्वेद और स्वदेशी आंदोलन के साथ-साथ बाबा रामदेव अब शिक्षा पर भी ध्यान दे रहे हैं। श्री शाह ने कहा कि आज यहां भारतीय शिक्षा बोर्ड, पतंजलि गुरूकुलम, आचार्यकुलम और पतंजलि विश्वविद्यालय के माध्यम से मूल भारतीय परंपरा से हमारे चिरपुरातन ज्ञान को नई ऊर्जा मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि बाबा रामदेव का संकल्प है कि 1 लाख विद्यार्थियों वाला पतंजलि ग्लोबल गुरुकुलम और पतंजलि ग्लोबल यूनिवर्सिटी बनाएं।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण आयुर्वेद के क्षेत्र में 500 से अधिक पेपर पब्लिश करने वाले दुनिया में 2 प्रतिशत लोगों में से एक हैं। उन्होंने कहा कि पतंजलि परिवार जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में भी अच्छा काम कर रहा है और लगभग 1 लाख किसानों को ऑर्गेनिक खेती के साथ जोड़कर पृथ्वी और पर्यावरण की रक्षा तो की ही है, साथ ही सात्विक आहार के माध्यम से लाखों लोगों को निरामय जीवन जीने का रास्ता भी दिखाया है। उन्होंने कहा कि पूरे ब्रह्मांड का कल्याण तभी होगा जब भारत का कल्याण होगा और भारत की पुरातन वैदिक संस्कृति का पुनर्रूद्धार होगा।



श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी विगत 9 वर्षों से पूरे विश्व में भारत, भारतीयता और भारत के ज्ञान को ब्रांड अम्बेसेडर बनकर सम्मान दिलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के सामने 27 दिसंबर, 2014 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था और कहा था कि हमारे पुरखों ने ऐसा ज्ञान अर्जित किया है जो किसी भी दवाई के बिना मनुष्य के शरीर को निरोगी रख सकता है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्ताव को पूरी दुनिया ने स्वीकारा और आज अंतर्राष्ट्रीय दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाता है। श्री शाह ने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने जो ज्ञान अर्जित किया वो केवल हमारे लिए नहीं है बल्कि पूर् ब्रहमांड के कल्याण के लिए है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने यूएन में योग दिवस को स्वीकृति दिलाकर योग के विज्ञान पर किए गए हज़ारों सालों के काम को आगे बढ़ाया और इस परंपरा को एक वैश्विक मंच दिलाने का काम किया।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए कई काम किए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गुलामी के कालखंड के दौरान भारत से चोरी की गईं कई मूर्तियों को विश्व के कई स्थानों से वापिस लाकर भारत में उनके वास्तविक स्थानों पर पुनर्प्रतिष्ठित करने का काम किया है। इसके अलावा मुग़लों के शासन से हमारे कई धर्म, संस्कृतियों और राष्ट्र के सम्मान चिन्ह ऐसे ही पड़े थे, ऐसे सभी हमारे राष्ट्र के ऊर्जा केन्द्रों को एक बार फिर मोदी जी ने ऊर्जावान बनाने का काम किया। श्री शाह ने कहा कि राम मंदिर का मसला बाबर के समय से अटका हुआ था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद ही मोदी जी इसका भूमिपूजन किया और अगली रामनवमी में राम लला अयोध्या में अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने औरंगजेब द्वारा तोड़ा हुआ काशी विश्वनाथ कॉरीडोर फिर से बनाने का काम किया, केदारनाथ और बद्रीनाथ के साथ-साथ गुजरात में सोमनाथ मंदिर फिर से सोने का बन रहा है।



श्री अमित शाह ने कहा कि हमारी आज़ादी की लड़ाई एक परिवार के इर्द-गिर्द सिमटकर रह गई थी, लेकिन मोदी जी ने दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा के रूप में सरदार पटेल का स्टेच्यू ऑफ यूनिटी बनाकर सरदार पटेल को अमर करने का काम किया। श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने डॉ. अम्बेडकर के सभी स्मृति स्थानों को संग्रहालय में बदलने का काम किया है, विभाजन की विभीषिका

को मनाना शुरू किया जिससे लोग इसे एक सीख के रूप में याद रखें। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जलियांवाला म्यूज़ियम बनाया और अंडमान-निकोबार के सभी द्वीपों को हमारे परमवीर चक्र विजेताओं का नाम देकर उन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजपथ को कर्तव्यपथ में बदलकर हमें आज़ादी की शताब्दी तक हमारे कर्तव्यों के प्रति सजग करने का काम किया है।

****

**आरके / एसएम / आरआर**

(रिलीज़ आईडी: 1912355) आगंतुक पटल : 253